# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Weekly Test 1 (Round-1) (2025 – 26)**

**Class III / Section: --------** **MM: 20**

**Subject: ----------------** **Time: 1:00 Hr.**

Name: _____________ Roll No.:___________ Invigilator sign -------------

---

सामान्य निर्देशः सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

प्रश्न 1 पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (✔) का निशान लगाइए | (1x4 =4)

गाय एक पालतू जानवर है। सभी पशुओं में गाय को सबसे भोली और दयालु जानवर माना जाता है। यह एक शाकाहारी जानवर है। गाय के चार पैर, दो आँखें, दो कान और एक लंबी पूँछ होती है। गाय दुनिया के सभी भागों में पाई जाती है। यह काली, उजली, भूरी और चितकबरी रंगों की होती है। गाय को हरी घास खाना सबसे अधिक पसंद है, परंतु यह कुट्टी, चोकर और खली भी खाती है। गाय हमें दूध देती है, जो सभी के लिए अत्यंत पौष्टिक होता है। दूध से अनेक प्रकार की मिठाइयाँ बनाई जाती हैं। गाय के गोबर से कंडे बनाए जाते हैं, जो जलाने के काम आते हैं, और इससे खेतों के लिए प्राकृतिक खाद भी बनती है। हम गाय को 'गौमाता' भी कहते हैं।

(क) सभी पशुओं में किसको सबसे भोली तथा दयालु जानवर माना जाता है ?

(अ) बैल (ब) घोड़ा

(स) बकरी (द) गाय

(ख) गाय के कितने पैर होते है ?

(अ) दो (ब) तीन

(स) चार (द) पाँच

(ग) गाय को क्या खाना सबसे अधिक पसंद है ?

(अ) सूखी घास (ब) हरी घास

(स) गीली घास (द) सड़ी घास

(घ) गाय हमें क्या.......... देती है ?

(अ) मिठाई (ब) पानी

(स ) दूध (द) तेल

प्रश्न 2 सही विकल्प पर (✔ ) का निशान लगाइए | (1 x 4 = 4)

(क ) भाषा के लिखने का ढंग क्या कहलाता है ?

(अ ) मौखिक भाषा (ब) लिखित भाषा

(स) लिपि (द) भाषा

(ख) भारत में सबसे आधिक बोली जाने वाली भाषा है ?

(अ) तमिल (ब) अंग्रेजी

(स ) हिन्दी (द) मराठी

(ग) भाषा के कितने रूप है ?

(अ) एक (ब) दो

(स) पाँच (द) चार

(घ) पंजाब में कौन-सी भाषा बोली जाती है?

(अ) मराठी (ब) पंजाबी

(स) चीनी (स) तमिल

प्रश्न 3 सही (✓) या गलत ( x ) का निशान लगाइए | ( 1 x 2 = 2)

( क) जलधारा से हम जीवनपथ में आगे बढ़ना सीखते हैं | ( )

(ख) लता और पेड़ों से जगना और जगाना सीखते हैं | ( )

प्रश्न 4 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (2 x 5= 10)

(क) फूलों से और भौरों से हम क्या सीख सकते है ?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

(ख ) कवि पृथ्वी से क्या सीखने की प्रेरणा दे रहे हैं ?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

(ग) रंग-बिरंगे फूलों को देखकर आप को कैसा लगता है ?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

(घ) लता और पेड़ हमें क्या सिखाते हैं ?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

(ड) दीपक और धुएं से हम क्या सीख सकते हैं ?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................